सांसदों ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री सोमनाथ चटर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली, 25 जुलाई, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री सोमनाथ चटर्जी की जयंती पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश और संसद सदस्यों ने श्री सोमनाथ चटर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकसभा महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्री चटर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

श्री सोमनाथ चटर्जी के चित्र का अनावरण 10 फरवरी, 2014 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में किया गया था। श्री चटर्जी को भारतीय संसद में उनके समग्र योगदान के लिए 1996 में उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

इससे पहले, अपने ट्वीट संदेश में, श्री बिरला ने पूर्व अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्री चटर्जी ने 'सदन के संचालन में गरिमा, मर्यादा और अनुशासन के नए मानक स्थापित किए थे और उनका काम हमेशा हमारा मार्गदर्शन करेगा।'